# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
**राजभवन, पटना–800022**

*संख्या–58/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राज्यपाल ने सम्पूर्ण क्रांति दिवस के अवसर पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण को नमन किया

**पटना, 05 जून, 2025** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने सम्पूर्ण क्रांति दिवस के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में गाँधी मैदान, पटना के दक्षिण–पश्चिम छोर पर स्थित लोकनायक स्व० जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव, माननीय जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी एवं अन्य गणमान्य लोगों ने भी लोकनायक स्व० जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा भजन एवं गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की भी प्रस्तुति हुई।

.................................................